पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले बारह देश के बच्चे

लखनऊः 22 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज 12 देश के बच्चों ने राजभवन में भेंट किया। सिटी माण्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित सी0आई0वी0एस0 कैम्प के अन्तर्गत ब्राजील, फ्रांस, इंग्लैण्ड, जर्मनी, अमेरिका, मैक्सिकों, मंगोलिया, फिनलैण्ड, स्वीडन, जापान आदि के छात्र-छात्रायें 28 दिन के लिये लखनऊ आये थे। इस अवसर पर सिटी माण्टेसरी स्कूल के संस्थापक, श्री जगदीश गांधी व कई अध्यापिकायें भी उपस्थित थीं।

राज्यपाल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विदेश से आये बच्चे भारत से बहुत सारी अच्छी यादें लेकर वापस जायेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का बड़ा प्रदेश है और जनसंख्या के हिसाब से विश्व के कई देशों से बड़ा है। यहां अनेक नदियां हैं और धरती भी बहुत उपजाऊ है। उत्तर प्रदेश में ताजमहल, सारनाथ व अन्य पर्यटक स्थल हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ अपने विशिष्ट रहन-सहन व खानपान के लिये विश्व-विख्यात है।

श्री नाईक ने विदेशी बच्चों को सलाह दी कि अपनी पढ़ाई समाप्त करने के बाद एक बार भारत जरूर आये और इस बार जब यहां से अपने देश वापस जाये तो अपने माता-पिता के लिये यहां से तोहफे अवश्य ले जाये। उन्होंने बच्चों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था व राज्यपाल पद के बारे में भी जानकारी दी।
बच्चों ने इस अवसर पर एक समूह गीत प्रस्तुत किया तथा राजभवन का भ्रमण भी किया।